"आपका अपना टेलीफोन" (ओ.वाई.टी.) स्वीकृत करने के लिए बनाया गया कार्यक्रम

638. **श्री रणजीत सिंह :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दूरसंचार विभाग ने "आपका अपना टेलीफोन" (ओ०वाई०टी०) श्रेणी के अन्तर्गत जून, 1991 तक प्राप्त हुए सभी आवेदनों पर दिसम्बर, 1991 तक तथा गैर-ओ०वाई० टी० श्रेणी के अन्तर्गत दिसम्बर, 1984 तक प्राप्त हुए सभी आवेदनों पर दिसम्बर, 1992 तक टेलीफोन स्वीकृत करने का एक कार्यक्रम बनाया है ;

(ख) यदि हां, तो गैर-ओ०वाई०टी० श्रेणी के आवेदकों की सीमा दिसम्बर 1984 तक निर्धारित करने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार इस सीमा को आगे बढ़ाने का विचार रखती है क्योंकि निर्धारित की गई सीमा और टेलीफोन स्वीकृति की समय सीमा के बीच बहुत अधिक अन्तर है ?

श्री पी०वी० रंगैया नायडू संचार मंत्रालय में उप मंत्री (क) जी हां । बम्बई और दिल्ली में टेलीफोन कनेक्शनों के लिए आवेदकों की प्रतीक्षा सूची निपटाने के सम्बन्ध में नीचे दिए अनुसार एक कार्यक्रम तैयार किया गया है :—

श्रेणी	पंजीकरण की अवधि	निपटाए जाने की तिथि
ओ०वाई०टी०	जून, 1991	दिसम्बर, 1991
विशेष	जून, 1991	दिसम्बर, 1991
गैर-ओ वाई टी० सामान्य	दिसम्बर, 1984	मार्च, 1992

(ख) और (ग) इस समय उपलब्ध सीमित स्त्रोतों को ध्यान में रखते हुए, गैर-ओ०वाई०टी श्रेणी में दर्ज आवेदकों की संख्या उपलब्ध करवाई जा रही अतिरिक्त क्षमता की तुलना में कहीं अधिक है । तथापि, गैर-ओ०वाई०टी० श्रेणी में और अधिक टेलीफोन उपलब्ध करवाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं ।

दिल्ली परिवहन निगम का निजीकरण

639. **श्री रणजीत सिंह :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 जुलाई, 1991 के हिन्दुस्तान टाइम्स में "प्राइवेटाईजेशन इज आनली क्योर" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि दिल्ली परिवहन निगम के अन्तर्गत चल रही बसों की प्रति किलोमीटर प्रचालन लागत पिछले कुछ वर्षों से बढ़ गयी है, यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान इस राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) दिल्ली परिवहन निगम के किराये कितनी बार बढ़े हैं और कितने-कितने बढ़े हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री जयपाल रेड्डी) : (क) जी, हां ।